डाउन टू अर्थ

**सावधान : राजस्थान में हजारों टन केमिकल युक्त नकली सरसों जब्त**



क्या आप यकीन करेंगे कि कुछ रसायनों के सहारे सरसों के आकार के हुबहू दाने बनाए जा सकते हैं और उन्हें कृषि मंडियों में बेचा जा सकता है। इतना ही नहीं सहकारी समितियों के माध्यम से राजस्थान राज्य भंडार व्यवस्था निगम में भी इस नकली सरसो को भेजा जा रहा है।

अब तक हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, भरतपुर, मालपुरा, सीकर, बीकानेर एवं जयपुर जिलों में नकली सरसों के मामले सामने आ चुके हैं। दरअसल सरसों के दानों पर जब व्यापारियों को शक हुआ तो उन्होंने इन दानों को पानी में डालकर हिलाया और वह चकित रह गए, सारे दाने पानी में घुल गए।

ताजा मामला मामला हनुमानगढ़ जिले का है, जहां 25 अक्तूबर, 2024 को भादरा तहसील के निनाण गांव में एक तेल मिल मालिक को हरियाणा के कुछ लोग 16 क्विंटल 65 किलोग्राम नकली सरसों बेच गए। मिल मालिक रामप्रकाश को सरसों के नकली होने का पता तब चला, जब उसने उस सरसों को पहले से पड़ी सरसों में मिलाकर मशीन में डाल दिया। इससे काले रंग का तेल एवं काले रंग की खल निकली। यह तेल अच्छी सरसों में मिल जाने से करीब दस लाख रुपये का बढ़िया तेल भी खराब हो गया। मिल मालिक की रिपोर्ट पर भिरानी थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

Source: [https://hindi.downtoearth.org.in/agriculture/caution-thousands-of-tons-of-fake-mustard-containing-chemicals-in-rajasthan](https://hindi.downtoearth.org.in/agriculture/caution-thousands-of-tons-of-fake-mustard-containing-chemicals-in-rajasthan)